सं.ए. 20011/30 (क)/2021-हिंदी/Hindi
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

खण्ड सं ,9 .के.स.का .परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड ,नई दिल्ली/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक/Date: 25 अप्रैल, 2022

परिपत्र/CIRCULAR

विषय: निदेशालय मुख्यालय में दिनांक 28 अप्रैल 2022 को ऑनलाइन माध्यम से हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में।

निदेशालय तथा अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के समस्त कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा हिंदी कार्यों के लक्ष्यों को प्राप्त करने और कार्मिकों की राजभाषा हिंदी में काम करने की रूचि पैदा करने के उद्देश्य से निदेशालय में प्रतिमाह हिंदी प्रतियोगिता/हिंदी गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है।

2. इसी क्रम में दिनांक **28 अप्रैल 2022 को 1500 बजे** से निदेशालय (मुख्यालय) एवं सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के समस्त कर्मचारियों हेतु ऑनलाइन माध्यम से **हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता** का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी स्वरचित कविता पाठ या किसी प्रख्यात कवि द्वारा रचित कविता का वाचन कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें यह बताना होगा कि कविता स्वरचित है या किसी कवि की रचित है। प्रत्येक प्रतिभागी को कविता वाचन हेतु 4 मिनट का समय दिया जाएगा।

3. इस प्रतियोगिता का परिणाम इसके लिए गठित एक निर्णायक समिति के द्वारा निकाला जाएगा, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और वरियता क्रम में चौथा व पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा और प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जाएंगे। चूंकि प्रतियोगिता में पुरस्कार स्वरूप पुरस्कार की राशि की कीमत तक की उपयोगी वस्तु प्रदान की जाएगी, अत: सुगमता हेतु अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के विजयी होने वाले प्रतिभगियों को पुरस्कार उनके केन्द्र के इम्प्रेस्ट कैश से वहन करके दिया जाएगा।

4. निदेशालय के सभी अधिकारियों/अनुभाग अधिकारियों एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के प्रभारियों से अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में इच्छुक कर्मचारियों को भाग लेने हेतु प्रेरित करते हुए भाग लेने वाले इच्छुक कार्मिकों का नाम, पदनाम और मोबाइल नम्बर (whatsapp enabled) सहित दिनांक **27 अप्रैल 2022 को 1700 बजे तक** ई-मेल आई.डी.- dinesh.71@dcpw.gov.in पर या फैक्स द्वारा भेज दें। जिन कर्मचारियों को पूर्व में आयोजित हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें वरियता दी जाएगी।

5. इसे निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया गया है।

25.04.2022
(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

2/-

प्रतिलिपि.

1. सभी अनुभाग अधिकारी ।
2. उप निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरी गांव, नई दिल्ली ।
3. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली ।
4. सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के स्टेशन अधीक्षक- विभाग के सरकारी वेबसाइट के माध्यम से।
5. सहायक निदेशक (सूचना और प्रोद्योगिकी) - कृपया विभाग के वेबसाइट में अपलोड करने और साथ ही 28 अप्रैल 2022 को नियत समय पर हिंदी प्रतियोगिता वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से आयोजन करने हेतु सम्पर्क (लिंक) भेजने और यथा-आवश्यक समन्वय करने हेतु।
6. कार्यालय प्रति /नोटिस बोर्ड।

प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ निम्नलिखित को प्रेषित:-

1. निदेशक के प्रधान निजी सचिव : सादर सूचनार्थ ।
2. सभी संयुक्त निदेशक : सादर सूचनार्थ।